दैनिक
# नज़रिया ख़बर
*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 334 | देहरादून, मंगलवार 03 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति




## न्यूज डायरी

### इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष और निदेशक ने राज्यपाल से की भेंट



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से रविवार को राजभवन नैनीताल में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अध्यक्ष ए. एस. साहनी एवं कार्यकारी निदेशक हेमंत राठौर ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन भी उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत

**हरिद्वार।** रविवार दोपहर लक्सर हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक लक्सर के थाना पथरी के धनपुरा चौक पर एक तेज रफ्तार खाली डंपर और बाइक में आमने–सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 30 वर्षीय नौशाद पुत्र नवाब अली निवासी सुल्तानपुर थाना लक्सर की मौके पर ही मौत हो गई। नौशाद बाइक से सुल्तानपुर से हरिद्वार के लिए निकला था. लेकिन सड़क पर उसका सफर मौत में बदल गया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। भीड़ में से किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नौशाद को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने चालक समेत डंपर और बाइक को कब्जे में लिया।

# विकसित उत्तराखंड बनाने के लिए लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में कार्य किये जाएंः सीएम धामी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जाएं। विकसित उत्तराखण्ड के लिए ग्राम स्तर से जनपद स्तर तक 2047 तक कैसा स्वरूप होगा, इस दिशा में जिलाधिकारियों द्वारा कार्य किये जाएं। समाज के अन्तिम छोर के लोगों तक पहुंचकर उन्हें जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ ही उनको मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में कार्य किये जाएं। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल बैठक के दौरान सभी जिलाधिकारियों को दिये।




बैठक लेते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

प्रत्येक जनपद में जनहित में 5–5 नवाचारों पर करें कार्यः मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने जनपदों में जनहित से जुड़े 5–5 बेस्ट प्रैक्टिस और नवाचारों पर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में सबसे पहले टीबी मुक्त होने वाले तीन जनपदों को पुरस्कृत किया जायेगा। सभी जिलाधिकारियों को नियमित स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से 25 जुलाई तक जनपदों में बृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। एक पेड़ माँ के नाम अभियान को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने के साथ ही प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। जलस्रोतों के संरक्षण और अमृत सरोवरों की कार्यप्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रत्येक जनपद में इसके लिए नोडल अधिकारी बनाये जाएं। मानसून सीजन के ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मौसम विभाग द्वारा मानसून अवधि में राज्य में औसत से अधिक बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसको ध्यान में रखते हुए पूरी तैयारी की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि मानसून शुरू होने से पहले नालों की सफाई हो जाए। मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए पेयजल, विद्युत, सड़कों की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पानी की टंकिया स्वच्छ रखी जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू, मलेरिया और कोरोना से बचाव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। अस्पतालों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जाए।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मोरी के गैंचवांण गांव में काश्तकारों से की मुलाकात



**उत्तरकाशी।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने तीन दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को उत्तरकाशी जनपद के सुदूरवर्ती मोरी ब्लॉक स्थित गैंचवांण गांव का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय काश्तकारों से सीधा संवाद स्थापित किया और क्षेत्र में सेब के बागानों का स्थलीय निरीक्षण भी किया और किसानों द्वारा अपनाई जा रही उन्नत बागवानी तकनीकों की सराहना की। मंत्री जोशी ने ग्रामीणों से बातचीत के दौरान क्षेत्र की कृषि और बागवानी संबंधी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान हेतु तत्परता जताई। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में सेब उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, और सरकार किसानों को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी जैसे सीमांत क्षेत्र में किसानों द्वारा किया जा रहा सेब उत्पादन राज्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि सरकार पर्वतीय कृषि को लाभकारी बनाने के लिए बागवानी, जैविक खेती, और मूल्य संवर्धन की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। जल्द ही गैंचवांण सहित मोरी क्षेत्र में कृषि से जुड़ी आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा।

# दून से 32 से अधिक आकाशियन्स ने जेईई एडवांस्ड में शानदार प्रदर्शन किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेस देहरादून के 36 से अधिक छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा में सफलता हासिल की है, जो इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में सबसे कठिन मानी जाती है।

परिणाम आईआईटी कानपुर द्वारा घोषित किए गए। यह शानदार प्रदर्शन छात्रों की निष्ठा, उनकी अथक मेहनत और एईएसएल के विशेषज्ञ शिक्षकों एवं व्यापक पाठ्यक्रम द्वारा प्रदान की गई ठोस अकादमिक सहायता को दर्शाता है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेस




जेईई एडवांस्ड परीक्षा के मेधावी।

लिमिटेड, देहरादून से उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों में शामिल हैं अकुल अग्रवाल (एआईआर 2843), यश महावर (एआईआर 3528), मयंक चौहान (एआईआर 6111), मॉलिक शाह (एआईआर 6964) और संस्कार साहू (एआईआर 9928)।

इसके अलावा, शाखा से अन्य प्रमुख उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों में एकांशी मित्तल, आदित्य व्यास, शोभित बुटोला, अजय चौधरी, आदित्य तोमर, अनीशा बिष्ट, अश्विनी कंसल, आदित्य नेगी, हर्ष कुमार, अमन मिश्रा, ऋद्धि अग्रवाल, पंकज सिंह, माहि उनियाल, अयान भारद्वाज, अभिनव राणा, निखिल पांडे, आयुष खुगशल, आयुष के. सिंह, आदित्य भारद्वाज और एल्विन एस. जॉय शामिल हैं।

### नेशनल हाईवे पर स्टंट बाइकिंग करने पर वाहन सीज

देहरादून। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर मशहूर होने की चाहत दो युवकों को भारी पड़ गई। वीडियो सामने आया तो पुलिस ने युवकों को सबक सिखाते हुए दोनों वाहनों को सीज कर दिया। युवकों को आगे भविष्य में ऐसा न करने की हिदायद देकर छोड़ा गया है।

दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दो युवक नेशनल हाईवे पर बाइक से रैश ड्राइविंग व स्टंट बाइकिंग कर रहे थे। इसका संज्ञान लेते हुए एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।जांच में सामने आया दोनों बाइकें सुमित(21) पुत्र मुनेश निवासी केशवपुरी बस्ती कोतवाली डोईवाला (देहरादून) और सत्यम सैनी (21) पुत्र यशवीर सैनी निवासी नौका दूधली रोड थाना नेहरू कॉलोनी, देहरादून, नाम पर रजिस्टर्ड थीं।

03 June 2025_Copy of Layout 1 6/5/2025 11:52 PM Page 2



# संपादकीय

## 'मूर्खता और विरोध की भी एक सीमा होती है'

राहुल गांधी के सरेंडर वाले व्यंग ने पाकिस्तानी मीडिया में भी सुर्खियाँ बटोरीं, जिसमें आतंकवाद के खिलाफ भारत की हालिया कूटनीतिक पहल को चुनौती दी गई, जिसमें पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने झूठा दावा किया कि भारत ने स्वीकार कर लिया है कि उसने सरेंडर कर दिया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद घोषित संघर्ष विराम के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सरेंडर करने वाले बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने मंगलवार को तब विवाद खड़ा कर दिया जब उन्होंने आरोप लगाया कि भारत–पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फोन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरेंडर कर दिया। उनकी टिप्पणी पर भारी प्रतिक्रिया हुई और भाजपा ने उन पर पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया। राहुल गांधी के सरेंडर वाले व्यंग ने पाकिस्तानी मीडिया में भी सुर्खियाँ बटोरीं, जिसमें आतंकवाद के खिलाफ भारत की हालिया कूटनीतिक पहल को चुनौती दी गई, जिसमें पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने झूठा दावा किया कि भारत ने स्वीकार कर लिया है कि उसने सरेंडर कर दिया है। तीखी प्रतिक्रिया के बावजूद, कांग्रेस ने ट्रम्प की मग। टोपी की एक तस्वीर पोस्ट करके टिप्पणी को और पुख्ता किया, जिस पर लिखा था, नरेंद्र सरेंडर। विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए किरण रिजिजू ने कहा, ष्मूर्खता और विरोध की भी एक सीमा होती है! कांग्रेस पार्टी में कोई नहीं है जो उन्हें बताए कि विपक्षी पार्टी में होने का मतलब देश का विरोध करना नहीं है?ष् उन्होंने पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद की प्रशंसा करते हुए एक पोस्ट को भी रीट्वीट किया, जिन्होंने राहुल गांधी की नीतियों की आलोचना की थी और कहा था कि वह केवल 20 मिनट काम करने के बाद प्रधानमंत्री बनना चाहते थे।

# पत्रकारिता की दशा और दिशा विषयक गोष्ठी एवं उत्तराखंड गौरव सम्मान समारोह का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** स्माल मीडियम बिग न्यूज पेपर्स सोसायटी की उत्तराखंड इकाई द्वारा आज देहरादून के सर्वे चौक स्थित सभागार में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर 'पत्रकारिता की दशा और दिशा' विषय पर एक विचार गोष्ठी एवं उत्तराखंड गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



सम्मानित करते हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात वंदना गीत की प्रस्तुति ने समारोह का आध्यात्मिक आरंभ किया। इस अवसर पर देशभर से पत्रकारिता जगत की जानी–मानी हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बी.एम. शर्मा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजस्थान), सरदार दीपक सिंह (राष्ट्रीय महासचिव, गुरुग्राम), सरदार गुरविंदर सिंह (पूर्व सदस्य, प्रेस काउंसिल, दिल्ली), सुधीर पाण्डा (केंद्रीय मीडिया मान्यता समिति सदस्य, उड़ीसा), अशोक कुमार नवरत्न (पूर्व सदस्य, प्रेस काउंसिल, लखनऊ), एल.सी. भारतीय (पूर्व सदस्य, प्रेस काउंसिल, राजस्थान) तथा डी.डी. मित्तल (पत्रकार कल्याण समिति, उत्तराखंड सरकार) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उत्तराखंड के राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र से भी कई अति विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की, जिनमें प्रेमचंद अग्रवाल (पूर्व कैबिनेट मंत्री), खजानदास (विधायक, राजपुर), सविता कपूर (विधायक, कैंट), बंशीधर तिवारी (सूचना महानिदेशक), योगेश भट्ट (सूचना आयुक्त एवं पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष), कर्नल अजय कोठियाल (केसी, एससी, वीएमएम), चंद्रवीर गायत्री और राजेंद्र सिंह (मुख्य संरक्षक) शामिल रहे। संगठनात्मक नेतृत्व में राजकुमार छाबड़ा (प्रदेश अध्यक्ष), राशिद अली (प्रदेश महासचिव), कविता खत्री (प्रदेश सचिव), पंकज कोहली (प्रदेश उपाध्यक्ष), नरेन्द्र रतूड़ी तथा मीनाक्षी कश्यप (प्रदेश संगठन मंत्री) ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई।

गोष्ठी में वक्ताओं ने आज की पत्रकारिता की चुनौतियां, मीडिया की विश्वसनीयता, डिजिटल युग की भूमिका और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि पत्रकारिता केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के चिंतन और परिवर्तन का आधार है।

# अमेरिकी विश्व खतरा आंकलन रिपोर्ट 2025 में दावा, चीन पाक की सैन्य व आर्थिक मदद की रीढ़ की हड्डी बन गया है



**अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी द्वारा 'विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025' ज़ारी-पाकिस्तान भारत को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है!**

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर पिछले कुछ वर्षों से युद्ध का एक दौर सा चल पड़ा है, जिसका सटीक उदाहरण रूस–यूक्रेन हमास –इजरायल भारत–पाकिस्तान अमेरिका–ईरान चीन अमेरिका तनाव इत्यादि से लेकर पाक–तालिबान जैसे एशिया के देशों में भी संबंध कुछ ठीक नहीं चल रहे हैं यानें मेरा मानना है कि आज कोई भी देश किसी बड़े देश के खिलाफ डेरिंग से खड़े हैं, व न्यू क्लियर वेपंस केमिकल व बायोलॉजिकल वेपंस की धौंस दिखा रहे हैं,मैं समझता हूं यह सब अकेले के दम पर नहीं किया जा सकता उसके पीछे किन्हीं देश या देशों का समूह एक ग्रुप या लॉबी बनकर खड़ा हो सकती है,

जिसकी सटीकता हमें हमास–इजराइल रूस–यूक्रेन पाक जैसे देश अपने से कई गुना ताकत रखने वाले देशों से लड़ते हैं मतलब साफ है इनके पीछे कोई लाबी या ताकत बनकर खड़े हैं। भारत पाक के करीब चार दिन चले तनातनी युद्ध में भी पाक के पीछे तुर्की,चीन के खड़े होने के संकेत मिले हैं। आज हम यह विषय इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि अभी 2 दिन पहले अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी द्वारा जारी ष्विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025ष् आई है जिसमें अन्य बातों के अलावा कहा गया है कि चीन–पाक की सैन्य और आर्थिक मदद की रीड की हड्डी बन गया है, मतलब साफ है कि भारत व अब पाक की नहीं बल्कि चीन से युद्ध की रणनीति पर काम करना होगा, इस आशंका को उपरोक्त रिपोर्ट 2025 में भी दर्शाया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,चीन पाक की आर्थिक मदद की रीड की हड्डी बन गया है,व विश्व में न्यूक्लियर वेपंस बायोलॉजिकल, केमिकल हथियारों का विस्तार पृथ्वी पर निवासी जीव की विलुप्तता का कारण बनने को रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम विश्व खतरा आंकलन रिपोर्ट 2025 की करें तो, भारत की विदेश और रक्षा नीति लंबे समय से पाकिस्तान केंद्रित रही है, लेकिन अमेरिकी रक्षा इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) की ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अब भारत चीन को अपना मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी मानता है, रिपोर्ट के अनुसार, पाक को अब केवल एक एंसीलरी (सहायक) खतरा समझा जा रहा है,रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है, भारतीय पीएम की रक्षा प्राथमिकताएं अब वैश्विक नेतृत्व, चीन का मुकाबला और भारत की सैन्य ताकत को बढ़ाने पर केंद्रित हैं,यह रणनीति केवल युद्ध की तैयारी नहीं, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति संतुलन को आकार देने की दिशा में है ।रिपोर्ट में मई 2025 के भारत–पाकिस्तान सैन्य टकराव और पहलगाम हमले जैसे घटनाओं का हवाला देते हुए दावा किया गया है किष्पाकिस्तान की भूमिका क्षेत्रीय अस्थिरता में बनी हुई है, लेकिन भारत की असली रणनीतिक तैयारी चीन को लेकर हो रही है, यह स्थिति भारत की रक्षा नीतियों के रुख में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है, चीन के साथ भारत का सीमा विवाद वर्षों से चला आ रहा है, विशेषकर लद्दाख क्षेत्र में,भले ही अक्टूबर 2024 में डिसइंगेजमेंट पर समझौता हुआ हो, लेकिन विवाद समाप्त नहीं हुआ है. यह सिर्फ एक रणनीतिक विराम है ।अमेरिकी रिपोर्ट मैं बताया गया है कि पाकिस्तान अपना परमाणु जखीरा मॉडर्न बना रहा,चीन उसे हथियार सप्लाई कर रहा, मेक इन इंडिया के बावजूद भारत अभी भी रूस पर निर्भर है, पाकिस्तान, अपने अस्तित्व के लिए भारत को एक खतरे के तौर पर देखता है। इस वजह से वह अपने परमाणु हथियारों को आधुनिक बनाने और सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए चीन से आर्थिक और सैन्य समर्थन ले रहा है,वहीं भारत, पाक को सिर्फ एक सुरक्षा चुनौती मानता है, जिसे संभाला जा सकता है। भारत असली खतरा चीन को मानता है और अपनी सैन्य तैयारियां भी उसी के हिसाब से करता है ।बता दें डीआईए अमेरिकी रक्षा विभाग का हिस्सा है। यह रिपोर्ट वैश्विक सुरक्षा खतरों का आकलन करती है।

साथियों बात अगर हम रिपोर्ट के अनुसार भारत को चीन को अपनी सबसे बड़ी चुनौती मानने की करें तो,भारत, चीन को सबसे बड़ी चुनौती मानता है। इसकी वजह सीमा विवाद, चीन की सैन्य शक्ति में इजाफा और आर्थिक– तकनीकी प्रतिस्पर्धा है। इसमें बताया गया है कि चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति, विशेष रूप से नौसेना और मिसाइल क्षमताएं, भारत के लिए चिंता का विषय हैं ।इसके अलावा चीन का क्षेत्रीय प्रभाव (जैसे बीआरआई,सीपेक) और एआई, साइबर, और अंतरिक्ष में प्रगति भारत के लिए रणनीतिक चुनौती है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत–चीन सीमा विवाद अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। हालांकि, 2020 की झड़पों के बाद तनाव थोड़ा कम हुआ है, लेकिन भारत, चीन के प्रभाव को कम करने के लिए हिंद महासागर में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है और दूसरे देशों के साथ सैन्य साझेदारी कर रहा है ।भारत अपनी सैन्य तैयारियां (जैसे स्।ब् पर सैन्य तैनाती, नौसेना विस्तार) और गठबंधन (क्वाड, अमेरिका) के जरिए चीन का मुकाबला कर रहा है। साथियों बात अगर हम रिपोर्ट में कहीं बात कि पाकअपने अस्तित्व के लिए भारत को एक खतरे के तौर पर देखता है, की करें तो पाक इस वजह से वह अपने परमाणु हथियारों को आधुनिक बनाने और सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए चीन से आर्थिक और सैन्य समर्थन ले रहा है। वहीं, भारत, पाकिस्तान को सिर्फ एक सुरक्षा चुनौती मानता है, जिसे संभाला जा सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन पर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी द्वारा ष्विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025ष्जारी–पाकिस्तान भारत को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है!अमेरिकी विश्व खतरा आंकलन रिपोर्ट 2025 में दावा, चीन पाक की सैन्य व आर्थिक मदद की रीढ़ की हड्डी बन गया है ।विश्व में न्यूक्लियर वेपन्स बायोलॉजिकल, केमिकल्स हथियारों का विस्तार पृथ्वी पर निवासी जीवों की विलुप्तता का कारण बनने को रेखांकित करना जरूरी है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

03 June 2025_Copy of Layout 1 6/5/2025 11:52 PM Page 3



# जिलाधिकारी सविन बंसल के जन दर्शन पर बढ़ता जन का विश्वास; समाधान, रोजगार, प्रवर्तन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में आज ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जनसुनवाई में आज 85 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें अधिकतर शिकायतें भूमि से सम्बन्धित प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों में अधिकतर शिकायतें भूमि से सम्बन्धित प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त वित्तीय धोखाधड़ी, विद्युत, सिंचाई, नगर निगम, एमडीडीए, वन, शिक्षा, पुलिस, आदि विभागों से सम्बन्धित प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता दर्शन में प्राप्त होन वाली शिकायतों को गंभीरता से लें। साथ ही निर्देशित किया कि जो शिकायत विभिन्न माध्यम से संज्ञान में आ रही हैं उनपर त्वरित कार्यवाही करें तथा अपने विभागीय स्तर पर भी शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री के सुखदजन के संकल्प से प्रेरित डीएम का जनता दर्शन शिकायतों का समयबद्व निस्तारण किया जा रहा है। पुनर्वास पशुलोक में बांध विस्थापित महिला को भूमि फर्जीवाड़े न्याय की आस जगी है। पुलमा देवी प्रकरण पर डीएम ने बनाई समिति बनाई है।



जनसमस्याएं सुनते जिलाधिकारी।

डीएम के जन दर्शन पर जनता का विश्वास बढ रहा है। जनता दर्शन में समाधान, रोजगार, प्रवर्तन सभी समाधान जनमानस को मिल रहे है। दिव्यांग बबीता को रोजगारपरक प्रशिक्षण व स्वरोगार मौके पर ही जीएमडीआईसी से स्वीकृत कराया वहीं पशुपति इन्कलेव रायुपर, अन्नपूर्णा गुंसाई के निजी प्लाट में सीवर बहने की शिकायत पर आज शाम ही निगम से स से फाई करवाई। जनता दर्शन में जर्जर स्कूल भवन की शिकायत पर डीएम नाराजगी जाहिर करते हुए सीईओ से एक दिवस भीतर कृत कार्यवाही की रिपोर्ट तलब की साथ ही पूछा कि इतना बजट देने के बाद भवन जर्जर क्यों है सम्बन्धित बीईओ क्या कर रहे है। इसी प्रकार महीने पूर्व फोरेस्ट सर्वेक्षण के निर्देश फोलो न होने पर डीएफओ पर कड़ी नाराजगी जताते हुए 3 दिवस भीतर अमल न किये जाने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी। फरियादी के समक्ष ही एमडीडीए एक्सईएन से भवन उल्लंघनकर्ता पर प्रवर्तन की तिथि अंकित कराई तथा एमडीडीए के अधिकारियों को नोटिस देने के उपरान्त भी कार्यवाही न होने तलब किया। जनता दर्शन में शास्त्रीनगर तपोवन निवासी फरियादी पुलमा देवी ने डीलर्स से ऋषिकेश में 2007 भूमि क्रय कि थी जिसकी रजिस्ट्री भी है, जो आवासीय भूमि टिहरी विस्थापित को आंविटत की गई थी, वर्ष 2020 में भूमि स्वामी द्वारा वही भूमि किसी अन्य को विक्रय कर दी। डीएम ने एसडीएम ऋषिकेश की अध्यक्षता में समिति बनाई तथा प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट को निर्देशित किया कि समति से प्राप्त रिपोर्ट एसआईटी लैण्डफ्राड को प्रेषित करें।

## मानव तन ईश्वर का, ब्रह्मज्ञान गुरु का दिव्य उपहार : भारती

**देहरादून।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के निरंजनपुर स्थित आश्रम में इस रविवार को साप्ताहिक आध्यात्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की कृपा से आयोजित इस कार्यक्रम का आरंभ संगीतमय भजनों की सुंदर प्रस्तुति से हुआ, जिन्होंने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन साध्वी अनीता भारती जी ने किया। उन्होंने भजनों की गूढ़ व्याख्या करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन का उद्देश्य केवल सांसारिक सुखों तक सीमित नहीं है। शास्त्रों के अनुसार, इसी मानव शरीर में रहते हुए ईश्वर की प्राप्ति संभव है, और यह तभी संभव होती है जब मनुष्य पूर्ण गुरु की शरण में जाकर ब्रह्मज्ञान प्राप्त करे। साध्वी जी ने भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को दिए गए उपदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि 'परमगुरु' ही ऐसे ब्रह्मनिष्ठ ज्ञानी होते हैं, जो ब्रह्मज्ञान के माध्यम से शिष्य को ईश्वर से जोड़ते हैं और जन्म–मरण के चक्र से मुक्ति दिलाते हैं।

## हरिद्वार में बुजुर्ग ने किया सात साल की मासूम के साथ दुष्कर्म का प्रयास, मामला दर्ज

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले के मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में एक बुजुर्ग द्वारा सात साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग की ये हरकत किसी शख्स ने देख ली और बच्ची के परिजनों को इसकी जानकारी दी।

हालांकि परिजनों के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया। बच्ची के परिजनों ने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घटनाक्रम के अनुसार मंगलौर कस्बे के मोहल्ला निवासी 60 वर्षीय शख्स ने एक सात साल की मासूम बच्ची के साथ उस समय दुष्कर्म करने का प्रयास किया, जब बच्ची खेलते समय उसके घर पहुंच गई। इसी का फायदा उठाते हुए बुजुर्ग ने उसको पकड़ कर उसके साथ गलत हरकत करने लगा। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले किसी व्यक्ति ने उसे देख लिया और इसकी सूचना बच्ची के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही तत्काल परिजन मौके पर पहुंच गए। हालांकि परिजनों के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया। वहीं बच्ची ने परिजनों को आप बीती बताई। जिसके बाद बच्ची के परिजन कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मेहबूब उर्फ नानू निवासी मंगलौर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## श्रीलंकाई अफसरों के 40 सदस्यीय दल ने एमडीडीए में डिजिटल तकनीकी से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण में श्रीलंकाई अफसरों का एक 40 सदस्यीय दल पहुंचा, जहां उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित एक वर्कशॉप में आधुनिक डिजिटल तकनीकी के माध्यम से प्राधिकरण में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इसके पहले श्रीलंकाई दल का स्वागत प्राधिकरण के संयुक्त सचिव गौरव चटवाल ने किया और विस्तार से प्राधिकरण की कार्यशैली पर सदस्यों को जानकारी दी।

एक दिवसीय वर्कशॉप में एमडीडीए पहुंचा ये श्रीलंका प्रशासनिक अधिकारियों का दल इसके पहले मसूरी में स्थापित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में पहुंचा था जहां से उन्होंने देहरादून के मसूरी देहरादून



श्रीलंकाई अफसरों के दल को संबोधित करते वक्ता।

विकास प्राधिकरण केट्रांसपोर्ट नगर स्थित मुख्यालय में इस वर्कशॉप में हिस्सा लिया और मास्टर प्लानिंग, डिजिटल मैपिंग, कम्प्यूटराइज्ड ई सर्विसेस के साथ साथ आने वाले ।प् के दौर में कैसे प्राधिकरण इसका जनहित से जुड़ी योजनाओं में इस्तेमाल करेगा इस पर भी विस्तार से स्क्रीन पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एक्सपर्ट टीम से जानकारी हासिल की। इस वर्कशॉप में एमडीडीए के विषय विशेषज्ञों ने फील्ड में राज्य सरकार की विकास योजनाओं को सफ़ल बनाने में आधुनिक तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म के किये जा रहे सफ़ल इस्तेमाल पर भी सदस्यों को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी साझा की।

# मानसिक रूप से दिव्यांग भाइयों के यौन शोषण का आरोपी शिक्षक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कोतवाली पटेलनगर क्षेत्र देहरादून के अंतर्गत बंजारावाला में स्थित विशेष बच्चों (मानसिक दिव्यांग) के एक बोर्डिंग स्कूल में दो सगे भाइयों के साथ यौन शोषण के आरोप में एक शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दिव्यांग बच्चों की मां की शिकायत के आधार आरोपी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

मुरादाबाद निवासी महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके दो बेटे जिसमें एक की उम्र 13 साल और दूसरे की उम्र 9 साल है, दोनों मानसिक दिव्यांग हैं। महिला ने अप्रैल



पकड़ा गया आरोपी शिक्षक।

में गूगल के माध्यम से देहरादून की पटेल नगर क्षेत्र में विशेष बच्चों के लिए नया बोर्डिंग स्कूल खोलने की जानकारी मिली थी। इस पर महिला मई के पहले सप्ताह देहरादून पहुंची। स्कूल देखने के बाद प्रबंधन से बात की थी। स्कूल प्रबंधन की ओर से दावा किया गया था कि बच्चों के रहन–सहन और पठन–पाठन की प्रतिदिन की फोटो और वीडियो भेजी जाएगी। ऐसे में महिला ने अपने दोनों बच्चों का दाखिला स्कूल में कर दिया। एक बच्चे की फीस प्रतिमाह 20 हजार रुपए बताई। बच्चों का दाखिला कराने के बाद स्कूल प्रबंधन की ओर से बच्चों की दो–चार ही वीडियो और फोटो भेजी गई। इसके बाद उनसे संपर्क करना बंद कर दिया। 16 मई को महिला दोबारा देहरादून आई। जब वह स्कूल पहुंची तो बच्चों से उसे मिलने नहीं दिया गया। जिसके बद वह वापस चली गई। महिला दूसरे दिन दोबारा देहरादून पहुंची। जिसके बाद वह बच्चों से मिलने की जिद पर अड़ गई। उसके बाद स्कूल प्रबंधन ने उन्हें बच्चों से मिलने की मंजूरी दी। जब महिला ने अपने बच्चों से अकेले में बात की तो दोनों रोने लगे। बच्चों ने बताया कि एक शिक्षक लोहे की रोड से उनकी पिटाई करता है। पेट में लात मारता है। बच्चों ने बताया कि शिक्षक ने कई बार दोनों को सिगरेट से दागा और यौन शोषण किया। बच्चों की बात सुनकर महिला के होश उड़ गये। उसने विरोध जताया लेकिन स्कूल प्रबंधन से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जिस पर महिला ने पुलिस को शिकायत दी।

03 June 2025_Copy of Layout 1 6/5/2025 11:52 PM Page 4



# आजीविका सृजन, कौशल विकास एवं स्थानीय आर्थिक व बुनियादी ढांचे में सुधार करने के मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में गैर प्रकाष्ठ वन उपज का विकास तथा हर्बल एवं एरोमा टूरिज्म प्रोजेक्ट के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मुख्य सचिव ने वन विभाग को प्रदेश में जड़ी–बूटी के विकास और संरक्षण से संबंधित वन विभाग द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि स्थानीय समुदायों और वन पंचायतों को जड़ी बूटी रोपण, इको टूरिज्म एवं मूल्य संवर्धन गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनाएं। उन्होंने जड़ी बूटी के विकास के माध्यम से आजीविका सृजन, कौशल विकास एवं स्थानीय आर्थिक व बुनियादी ढांचे में सुधार करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि कलस्टर लेवल फेडरेशन (स्थानीय वन पंचायत) के समन्वय से जड़ी बूटी उत्पादन के प्रोजेक्ट को इंप्लीमेंट करें। निर्देशित किया कि



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

प्रोजेक्ट के अंतर्गत जितनी वन पंचायतों को चिन्हित किया जा चुका है वहां पर कार्यों की प्रगति तेजी से बढ़ाएं।

इस दौरान वन विभाग ने अवगत कराया की गैर प्रकाष्ठ वन उपज का विकास तथा हर्बल एवं एरोमा टूरिज्म प्रोजेक्ट की समय अवधि 10 वर्ष की है। इसका प्रथम चरण 2024 से 2029 तक तथा द्वितीय चरण 2028 से 2033 तक का है। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 628 करोड रुपए है तथा यह प्रोजेक्ट जनपद हरिद्वार एवं उधम सिंह नगर को छोड़कर राज्य के 11 जनपदों में इंप्लीमेंट किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 5000 वन पंचायतें लाभान्वित होंगी। इसके तहत 5000 हेक्टेयर वन पंचायत की भूमि पर तथा 5000 हेक्टेयर निजी भूमि पर जड़ी बूटी का वनीकरण किया जाना है। इस दौरान बैठक में सचिव वन सी रवि शंकर, पीसीसीएफ धनंजय मोहन, मुख्य वन संरक्षक राहुल, अपर सचिव पर्यटन डॉ पूजा गर्ब्याल, अपर सचिव वन विनीत कुमार, सीसीएफ इको टूरिज्म पी के पात्रों, निदेशक सगंध पौध केंद्र नृपेंद्र चौहान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने असम, त्रिपुरा एवं अरुणाचल प्रदेश में हाल ही में आई बाढ़ की स्थिति को लेकर संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से दूरभाष पर वार्ता की। मुख्यमंत्री श्री धामी ने असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू से बात कर उनके राज्यों में हो रही भारी वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड की जनता पूर्वोत्तर राज्यों के साथ खड़ी है। उत्तराखंड सरकार आवश्यकता पड़ने पर संबंधित राज्यों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

## उत्तराखण्ड में 10 जून तक मानसून के दस्तक देने की उम्मीद

**देहरादून।** उत्तराखंड में 10 जून तक मानसून के दस्तक देने की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार समय से पांच दिन पहले मानसून आ जाएगा। इस दौरान प्रदेश में छह फीसदी अधिक बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि जून के पहले सप्ताह में प्री मानसून की अच्छी बारिश देखने को मिलेगी। खासकर पहाड़ी जिलों में तेज दौर की बारिश होगी। हालांकि पांच जून के बाद लोगों को बारिश से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी। इससे पहले उत्तराखंड में कई जगहों पर हल्की बारिश होती रहेगी, जिसे प्री मानसून शॉवर भी कहा जा सकता है।रही बात मानसून की तो प्रदेश में दस जून के बाद मानसून सक्रिय होने की उम्मीद है। मानसून आने के बाद प्रदेश में बारिश भी जोर पकड़ेगी। उत्तराखंड में लंबी अवधि का औसत बारिश मानक 87 सेंटीमीटर का है। इस बार इससे छह फीसदी ज्यादा बरसात देखने को मिलेगी।

# मेकमायट्रिप ने ट्रेन यात्रियों के लिए नया 'सीट अवेलेबिलिटी फोरकास्ट' फीचर लॉन्च किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत में रिज़र्व्ड ट्रेन टिकट यात्रा से 60 दिन पहले बुक किए जा सकते हैं। लेकिन, ज्यादातर लोग अपनी यात्रा की योजना अक्सर बाद में बनाते हैं।

मेकमायट्रिप के डेटा से पता चलता है, कि लगभग 40 प्रतिशत लोग कई बार और कई दिनों तक कोशिश करके टिकट बुक करते हैं। इनमें से करीब 70 प्रतिशत लोगों को वेटिंग लिस्ष्ट वाले टिकट लेना पड़ता है, क्योंकि उनका प्लान पक्का होने तक कन्फर्म सीटें खत्म हो जाती हैं। डिमांड पैटर्न में हर हफ्ते काफी बदलाव आता है, जिससे कन्फर्म बुकिंग की समय–सीमा बदलती रहती है। अप्रैल में, ज्यादातर हाई–स्पीड ट्रेनों के टिकट यात्रा से 13 दिन पहले बिक गए थे। बढ़ती मांग के कारण, मई तक ये आमतौर पर 20 दिन पहले ही बुक हो जाती थी। यात्रियों के लिए इसका मतलब है कि भले ही वे जानते हों कि उन्हें कौन सी ट्रेन चाहिए, लेकिन उन्हें यह भरोसा नहीं होता कि सीटें कब तक उपलब्ध रहेगी, जिससे समय पर योजना बनाना मुश्किल हो जाता है। रेल यात्रियों को बेहतर योजना बनाने में मदद करने के लिए, मेकमायट्रिप ने 'सीट अवेलेबिलिटी फोरकास्ट' फीचर पेश किया है, जिससे यह पता चल सकता है कि किसी चुनिंदा ट्रेन की सीटें कब तक बिक सकती हैं। यह फीचर वर्षों के ऐतिहासिक बुकिंग डेटा और वास्तविक समय में मांग के संकेतों को मिलाकर बनाए गए आधुनिक मॉडलों पर आधारित हैं।

# राज्य कर विभाग कुमाऊं जोन के अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सोमवार को संभागीय कार्यालय, राज्य कर, हल्द्वानी के सभागार में वित सचिव दिलीप जावलकर की अध्यक्षता में राज्य कर विभाग कुमाँऊ जोन के अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।



बैठक में वित्त सचिव द्वारा गत वर्ष के सापेक्ष संगत वर्ष में प्राप्त लक्ष्यों की समीक्षा के साथ ही विभागीय विषयों पर चर्चा की गयी एंव अधिकारियों से सुझाव आदि प्राप्त किये। वित्त सचिव ने खण्ड कार्यालयों में राजस्व संग्रहण हेतु प्रभावी प्रयास करने तथा अधिकारियों द्वारा फील्ड विजिट किये जाने एंव संविदाकारों द्वारा प्राप्त भुगतान के सापेक्ष कर जमा किये जाने की जॉच हेतु निर्देशित किया गया। आडिट इकाई की समीक्षा के दौरान अवशेष मामलों का यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। अपील में व्यापारियों को ऑनलाइन सुनवाई का मौका देने एंव लम्बित वादों का निस्तारण यथाशीघ्र करने हेतु निर्देशित किया गया। विशेष अनुसंधान इकाईयों को करचोरी में संलिप्त फर्मों की पहचान करने तथा कैटरिंग, ब्यूटीपार्लर, कार्पोरेटस ईवेंटस तथा बड़े होटल एंव रिसोर्ट से संबंधित सूचनायें संकलित करते हुये कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान सचलदल इकाईयों को आवंटित लक्ष्यों की शतप्रतिशत प्राप्ति एंव राजस्व वृद्धि हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये गये। सचिव वित्त द्वारा अधिकारियों के कार्यों का आंकलन परफॉरमेंस के आधार पर किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

बैठक में राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त राकेश वर्मा, संयुक्त आयुक्त, रणवीर सिंह, रोहित श्रीवास्तव, रोशन लाल, स्मिता, एस०एस० तिरूवा तथा कुमाऊँ जोन के समस्त खण्ड कार्यालयों, विशेष अनुसंधान एंव प्रवर्तन इकाईयों के उपायुक्त एंव सहायक आयुक्त आदि उपस्थित रहे।

# अंकिता भंडारी के गुनहगारों को मिली उम्र कैद की सजा, कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में बेखौफ घूमते थे बदमाश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अंकिता भंडारी हत्याकांड के मामले को लेकर सवाल उठाने वाली कांग्रेस को अपने गिरेबान में भी झांकना चाहिए, कांग्रेस पार्टी की सरकार के दौरान महिलाएं कितनी सुरक्षित थी यह कांग्रेस पार्टी को बताना चाहिए किस कदर अपराधी बेखौफ होकर घूमते थे कांग्रेस पार्टी को यह भूलना नहीं चाहिए।

कांग्रेस पार्टी के सवाल पर भाजपा महिला मोर्चा ने पलटवार किया है भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल का कहना है कि अंकिता भंडारी हत्याकांड के बाद



अपराधियों को 24 घंटे के अंदर जेल भेजा गया था आज भी वे सभी जेल की सलाखों के पीछे ही है सरकार ने तत्परता दिखाते हुए महिला आईपीएस अधिकारी पी रेणुका देवी की अध्यक्षता में एसआईटी टीम का गठन किया जिसकी बदौलत अपराधियों को जमानत नहीं मिल पाई उन्हें उनके गुनाहों की सजा मिली है ।तीनों गुनहगारों को उम्र कैद की सजा हुई है। गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराधियों पर कार्रवाई की गई धामी सरकार ने जहां अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की वहीं अंकिता भंडारी के पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया, अपराधियों को उनके गुनाहों की सजा दिलाने के लिए सरकार हर संभव काम करती रहेगी। यह साबित किया एसआईटी ने 500 पन्नों की चार्जसीट को दाखिल किया 100 गवाहों के बयान दर्ज किए गए अपराधियों को सजा मिली। भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल का कहना है कि कांग्रेस पार्टी के साथ कुछ तथा कथित सोशल एक्टिविस्ट बेबुनियादी दलीलों को खारिज कर दिया। राजनीतिक लाभ लेने के लिए कांग्रेस पार्टी राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही है भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि आरोपियों ने जितनी बार जमानत अर्जी दाखिल की सरकारी अधिवक्ता की मजबूत पैरवी होने की वजह से आरोपियों की जमानत याचिका खारिज हों गई। यह साबित करता है कि सरकार ने कितने निष्पक्षता के साथ में काम किया और जिसकी वजह से अपराधियों को उनके गुनाहों की सजा मिली है। सरकार की तरफ से अंकिता भंडारी के पिता को गार्ड की नौकरी का अपॉइंटमेंट दिया गया साथ ही अंकिता भंडारी के भाई को अपॉइंटमेंट लेटर भी दिया गया। अपराधियों को सजा दिलाने के लिए अधिवक्ता बदलने का भी काम किया ।यह साबित करता है कि सरकार इस पूरे हत्याकांड में कितनी संजीदगी के साथ में काम किया ।

03 June 2025_Copy of Layout 1 6/5/2025 11:52 PM Page 5



# बिन्दुखत्ता राजस्व गांव और आवारा गोवंश को लेकर 18 जून को रैली की तैयारी के लिए किसान महासभा ने शुरू किया जन अभियान

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अखिल भारतीय किसान महासभा ने बिंदुखत्ता राजस्व गांव और आवारा गोवंश के पुख्ता इंतजाम को लेकर आगामी 18 जून को जबरदस्त रैली निकालने का निर्णय लिया है, जिसको सफल बनाने के लिए महासभा द्वारा आज से बिंदुखत्ता क्षेत्र में जन अभियान शुरू किया है।

अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड बहादुर सिंह जंगी की अगुवाई में आयोजित जन अभियान के दौरान जंगी ने कहा कि बार बार घोषणा के बाद भी बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने में धामी सरकार देरी क्यों कर रही है। जबकि क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन बिष्ट राजस्व गांव की पत्रावली पूर्ण होने का दम भर रहे हैं। जंगी ने कहा कि विधायक यही अफवाह फैलाकर अपने 5 साल का कार्यकाल पूर्ण करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आवारा गोवंश की समस्या का स्थाई समाधान सरकार अविलंब करें। साथ ही गोवंश के हमले में घायल लोगों को 10 लाख एवं मृतक परिवारों को 50 लाख रुपए मुआवजा दे।



बिंदुखत्ता राजस्व गांव और गोवंश को लेकर महा अभियान चलाते अखिल भारतीय किसान महासभा के कार्यकर्ता।

भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डॉ कैलाश पाण्डेय ने कहा कि बिंदुखत्ता राजस्व गांव पर राज्य सरकार की वादे से मुकरने की नीति के खिलाफ और आवारा गोवंश के दंश को झेल रही जनता की समस्या के स्थाई समाधान के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन के समक्ष अपनी मांगों को रखने के लिए अखिल भारतीय किसान महासभा बिंदुखत्ता कमेटी द्वारा आगामी 18 जून को रैली आयोजित की जाएगी, जिसकी तैयारी हेतु आज से जन अभियान शुरू किया गया। जन अभियान पूरे बिंदुखत्ता में चलाया जाएगा।

वरिष्ठ नेता पुष्कर दुबड़िया, किशन सिंह बघरी, गोविन्द जीना ने बिंदुखत्ता की संघर्षशील जनता से अपील की कि बिंदुखत्ता राजस्व गांव तत्काल बनाए जाने और आवारा गोवंश की समस्या के स्थाई समाधान के लिए 18 जून के विशाल चेतावनी प्रदर्शन में बढ़ चढ कर शामिल हों। कार्यक्रम में किसान महासभा के निर्मला शाही, हरीश भंडारी, बिशन दत्त जोशी, आइसा जिला अध्यक्ष धीरज कुमार आदि शामिल रहे।

## दोस्तो संग नहाने गए युवक की नदी में डूबने से मौत

**हल्द्वानी।** दोस्तों के साथ ज्योलीकोट स्थित नदी में नहाने गए एक युवक पानी में डूबकर मौत हो गयी। सूचना पाकर एसडीआरएफ ने रात सर्च ऑपरेशन के बाद शव बरामद किया है। मृतक युवक हल्द्वानी का रहने वाला है।

पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बीती देर रात्रि को पुलिस स्टेशन ज्योलीकोट के माध्यम से एसडीआरएफ टीम को सूचना मिली कि ज्योलीकोट में एक युवक नदी में डूब गया है।

सूचना मिलते ही नैनीताल एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक मनोज रावत के नेतृत्व में रेस्क्यू उपकरणों के साथ टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घटना हल्द्वानी नैनीताल स्थल रोड ज्योलीकोट से लगभग दो से तीन किलोमीटर नीचे स्थित एक तालाब में हुई थी, जहां युवक डूब गया था। एसडीआरएफ टीम ने विषम परिस्थितियों के बावजूद मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन प्रारंभ किया।

# जिलाधिकारी सहित चमोली में 12391 दंपति ने किया यूसीसी पंजीकरण

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चमोली जनपद में समान नागरिक संहिता में जिलाधिकारी संदीप तिवारी के साथ ही वर्तमान तक 12391 दंपति की ओर से विवाह पंजीकरण किए जा चुके हैं। जबकि जनपद में 13218 दंपति की ओर से यूसीसी के तहत विवाह पंजीकरण के लिए आवेदन किया गया है।

चमोली जिले के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बीती 28 मई को गोपेश्वर में शादी की थी। जिसके बाद जिलाधिकारी ने यूसीसी में विवाह का पंजीकरण करवा लिया है। चमोली में वर्तमान तक 13218 दंपति की ओर से विवाह पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। जिनमें से वर्तमान तक 12391 दंपति का विवाह पंजीकृत हो गए हैं। जबकि 521 आवेदन विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए हैं। साथ ही जनपद में विवाह विच्छेद के लिए 22 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 19 आवेदन पंजीकृत तथा 9 आवेदन निरस्त किए गए हैं।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से लागू समान नागरिक संहिता के तहत वर्ष 2010 के बाद विवाह करने वाले दंपति को यूसीसी में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। यूसीसी में निर्धारित समय में पंजीकरण न कराने वाले दंपति को अर्थदंड से दंडित करने का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने वर्ष 2010 के बाद विवाह करने वाले दंपतियों को शीघ्र विवाह पंजीकरण करवाने की अपील की है।

# चार लुटेरे गिरफ्तार, लाखों के जेवरात, व मोटरसाइकिलें बरामद

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हल्द्वानी व मुखानी क्षेत्र में हुई पिछले दिनों हुई लूट, चोरी, लूट सहित कई वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटरों सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से लाखों के जेवरात, मोबाइल व मोटर साईकिले बरामद की गयी है।


मामले का खुलासा करते पुलिस अधिकारी।

जानकारी के अनुसार बीते महीनों में अज्ञात बदमाशों द्वारा लगातार हल्द्वानी और मुखानी क्षेत्र में चोरी, लूट, नकबजनी व चेन स्नैचिंग सहित कई वारदातों को अंजाम दिया गया था। मामलों में पुलिस ने दोनो थानों में मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गयी। एसपी सिटी हल्द्वानी द्वारा सीओ सिटी हल्द्वानी के निकट पर्यवेक्षण में उपरोक्त थानों की एक संयुक्त टीम गठित कर घटनाओं की ग्रैविटी के अनुसार जांच शुरू कर दी गयी। जिसके फलस्वरूप पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बीती रात उक्त घटनाओं में शामिल चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों के जेवरात, मोबाइल व मोटर साईकिलें बरामद कर ली है। जिनके नाम अशरफ पुत्र लतीफ अहमद निवासी इस्लामनगर नई बस्ती खटीमा जनपद उधम सिंह नगर, अकील अहमद पुत्र मुन्ने निवासी इस्लामनगर थाना खटीमा जनपद उधम सिंह नगर, मानु प्रताप पुत्र लेखराज निवासी ग्राम व पोल्ट रसूलपुर थाना शीशगढ़ बहेड़ी जनपद बरेली व धर्मेंद्र पुत्र रामलाल निवासी राईनाबाद पोस्ट बहेड़ी थाना बहेड़ी जनपद बरेली उत्तर प्रदेश बताये गये है।

# आयुक्त ने वर्कशॉप लाईन एवं नैनीताल रोड में नाले एवं बेसमेंट पार्किंग के साथ ही सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आयुक्त ने कहा कि सभी लोग वाहनों को पार्किंग में ही खड़ा करें। सड़क पर वाहन पार्क किए जाने पर चालानी कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त, दीपक रावत, ने नगर आयुक्त, ऋचा सिंह, को हल्द्वानी शहर में नालियों की सफाई हेतु एक दिन सुनिश्चित कर सफाई करने और यह सफाई प्रत्येक सप्ताह कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्कशॉप लाईन में जिन दुकानदारों को ट्रान्सपोर्ट नगर में दुकान आवंटित हो चुकी है, उन्हें वहाँ शिफ्ट करने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही कहा कि वर्कशॉप लाईन में



सड़क पर गाड़ियों की मरम्मत कार्य किया जाता है, तो उनकी चालानी कार्यवाही करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नैनीताल रोड पर लोगों द्वारा कमर्शियल शॉप का संचालन किया जा रहा है लेकिन पार्किंग लोगों द्वारा मेन सड़क पर की जा रही है। संस्थानों द्वारा पार्किंग अन्यत्र लोगों को दी गई है जो उचित नहीं है। आयुक्त ने मौके पर नगर आयुक्त, आरटीओ एवं पुलिस महकमे के अधिकारियों को मेन सड़क पर खड़े वाहनों का चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही नैनीताल रोड पर जनपथ कॉम्प्लेक्स में पार्किंग नहीं होने पर प्राधिकरण से मानचित्र निरीक्षण कर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने नैनीताल रोड पर राम चिकित्सालय की पार्किंग के निरीक्षण के दौरान पाया कि राम हॉस्पिटल के बाहर बोर्ड पर वाहन पार्किंग "ठंडी सड़क" पर करने को लिखा गया था, जबकि राम पार्किंग में कोई वाहन खड़ा नहीं था। जिस पर आयुक्त ने कहा कि भविष्य में मेन सड़क पर वाहन खड़ा पाया जाता है, तो चालानी कार्यवाही की जायेगी। नैनीताल रोड पर कल्याण ज्वैलर्स की पार्किंग थी लेकिन पार्किंग पर बड़े–बड़े गड्ढे थे जिस पर पार्किंग नहीं की जा सकती थी। जिस पर आयुक्त ने संस्थान के स्वामी को एक सप्ताह के भीतर पार्किंग सुचारु करने के निर्देश दिए कृ नहीं करने पर चालानी कार्यवाही की जाये।

03 June 2025_Copy of Layout 1 6/5/2025 11:52 PM Page 6



# नैनीताल में डॉ नितिन उपाध्याय ने पत्रकारों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक, डॉ. नितिन उपाध्याय ने सोमवार को नैनीताल क्लब में जिला मुख्यालय नैनीताल के पत्रकारों के साथ बैठक कर उत्तराखंड सरकार द्वारा पत्रकारों के हितों में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी । इस दौरान उन्होंने पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को जाना एवं उनके निराकरण हेतु शासन स्तर पर की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया।



सयुक्त निदेशक डॉ. उपाध्याय ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार प्रदेश सरकार सूचना विभाग के माध्यम से पत्रकारों को स्वास्थ्य एवं बीमा संबंधी लाभ प्रदान किए जाने हेतु गोल्डन कार्ड एवं बीमा के लिए पॉलिसी तैयार कर रही है। इससे मान्यता प्राप्त पत्रकारों के साथ ही सक्रिय तौर पर कार्य कर रहे पत्रकारों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि पत्रकारों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पत्रकार पेंशन योजना अंतर्गत पत्रकारों को पूर्व में जो 5000.00 मासिक पेंशन दी जाती थी उसे 8000.00 मासिक कर दिया गया है, साथ ही पत्रकारों को पेंशन सुविधा का लाभ दिए जाने हेतु मान्यता संबंधी पात्रता में युक्तिसंगत बदलाव हेतु भी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि वर्तमान में मान्यता प्राप्त पत्रकारों को शत–प्रतिशत चिकित्सा सुविधा के साथ–साथ परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है। तहसील स्तर पर पत्रकारों को प्रेस मान्यता दिलाए जाने हेतु भी प्रेस मान्यता नियमावली में परिवर्तन हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। उन्होंने अवगत कराया कि जिला स्तर से पत्रकार कल्याण कोष से पत्रकारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

इस दौरान पत्रकारों द्वारा विभिन्न समस्याओं के अतिरिक्त अनेक सुझाव भी सयुक्त निदेशक के सम्मुख रखे। जिसमें पत्रकार सुरक्षा कानून बनाये जाने,पत्रकारों को जिला एवं तहसील स्तर पर मान्यता दिलाए जाने हेतु मान्यता को सरलीकरण बनाये जाने, प्रेस कवरेज के दौरान पत्रकारों को वाहन पार्किंग की व्यवस्था कराए जाने। पत्रकारों के लिए प्रेस कॉलोनी का निर्माण किए जाने। जिला स्तर पर पत्रकारों के लिए सूचना विभाग द्वारा प्रेस पास निर्गत किये जाने ताकि कवरेज के दौरान पत्रकारों को असुविधा का सामना ना करने पड़े की मांग रखी गई। उक्त सम्बन्ध में सयुक्त निदेशक ने कहा कि उनके द्वारा जो भी समस्या एवं सुझाव दिए गए है उनका त्वरित समाधान हेतु विभागीय स्तर पर कार्यवाही कराई जाएगी। बैठक से पूर्व सभी के द्वारा वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

## हितधारकों की संयुक्त टीम ने किया मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के आदेशों के अनुपालन में सुरक्षित दवाएं सुरक्षित जीवन नामक जनहितकारी अभियान के तहत जनपद में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। अभियान के तहत जिला मुख्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला स्वास्थ्य विभाग, औषधि निरीक्षक एवं अन्य संबंधित हितधारकों की संयुक्त टीम ने मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य जनपद में संचालित मेडिकल दुकानों पर दवाओं की गुणवत्ता, वैधता, फार्मासिस्ट की उपस्थिति तथा औषधियों के विक्रय से संबंधित कानूनी प्रावधानों के पालन की जांच करना था। निरीक्षण के दौरान टीम ने कई मेडिकल स्टोर्स का दौरा किया और उनके दस्तावेजों, स्टोरेज कंडीशन एवं बिलिंग प्रक्रिया का अवलोकन किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि यह अभियान आम जनमानस को सुरक्षित, प्रमाणित एवं वैध दवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।




# चमोली में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अभिनीत बधाणी महोत्सव शुरू

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सोमवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ढोल दमाऊ तथा पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ अभिनीत बधाणी महोत्सव का शुभारंभ कुलसारी बगड़ में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि थराली के विधायक भूपाल राम टम्टा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया वहीं उन्होंने कहा मेले हमारी संस्कृति व पहचान है जो हमें आपस में मिलन करते हैं। इसे बचाए रखने के लिए हमारे युवा पीढ़ी को आगे आना होगा। इस अवसर पर स्थानीय स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# कब्र खोदने के विवाद ने पकड़ा तूल, सीएम ने विधायक को दिया जांच का आश्वासन

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रामनगर के गौजानी क्षेत्र में कब्रिस्तान में कब्र खोदने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर भी गंभीरता से लिया जा रहा है। मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब एक युवक कब्र में लेटकर सोशल मीडिया पर लाइव आने लगा। इस पूरे मामले को लेकर रविवार को रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने इस पूरे घटनाक्रम को गंभीर और संवेदनशील बताया। उन्होंने प्रशासन और पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि घटना के दिन वहां मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कराई जाएगी। इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर कार्रवाई की मांग की है। विधायक दीवान सिंह बिष्ट कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें पूरे प्रकरण से अवगत करवाया गया है। उन्होंने इस पर गंभीर रुख अपनाते हुए जांच के आदेश दिए हैं। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों ने जानबूझकर इस मामले को तूल देने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। दीवान सिंह बिष्ट ने रामनगर के अन्य लंबित विकास कार्यों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि मोहल्ला पंपापुरी और भरतपुरी क्षेत्र के विनियमितिकरण सहित अन्य समस्याओं को भी मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया है। जिस पर मुख्यमंत्री ने शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया है।

# रामलीला मंडली का पुनर्गठन करते हुए 10 जून से बमोथ में रामलीला मंचन का होगा आयोजन

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकासखंड पोखरी की ग्राम पंचायत बमोथ में रामलीला मंडली का पुनर्गठन करते हुए आगामी 10 जून मंगलवार से रामलीला मंचन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।



पंचायत भवन बमोथ में आयोजित हुई बैठक में अध्यक्ष श्री प्रताप सिंह ठाकुर के निधन से रिक्त पड़े अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से शिक्षक राकेश भट्ट जी को चयनित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य श्री प्रदीप लखेड़ा, कोषाध्यक्ष पद पर पूर्व से चले आ रहे सेवा निवृत्त शिक्षक श्री धन सिंह ठाकुर, संरक्षक पद पर ग्राम पंचायत प्रशासक एवं निवर्तमान प्रधान श्रीमती पूनम रावत को चयनित किया गया है। नव निर्वाचित अध्यक्ष राकेश भट्ट जी ने कहा कि गांव की मातृशक्ति, महिला मंगल दल व युवक मंगल दल और मंडली के सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से रामलीला मंचन को दिव्य एवं भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। अनुशासन में रहते हुए सभी को एकजुट होकर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के इस यज्ञ में अपनी सहभागिता निभानी होगी।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष धन सिंह ठाकुर जी ने पिछली रामलीला मंचन में हुई आय व्यय को मंडली के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तथा बताया कि रामलीला मंचन के पुराने हो चुके पोशाक की जगह नयी पोशाक बनाये जाने की आवश्यकता होती है तो बनाया जायेगा। इस अवसर पर नव चयनित उपाध्यक्ष प्रदीप लखेड़ा, पूर्व प्रधान प्रकाश रावत, पांडव लीला मंडली के अध्यक्ष जयन्ती प्रसाद पन्त, हारमोनियम वादक शिक्षक विनोद पुरोहित, विजय प्रसाद भट्ट आदि ने भी लीला मंचन को दिव्य एवं भव्य बनाने के बारे में अपने विचार व्यक्त किये।

बैठक में युवक मंगल दल अध्यक्ष अतुल भट्ट, महिला मंगल दल अध्यक्ष श्रीमती दीपा नेगी, पूर्व प्रधान ललिता प्रसाद लखेड़ा, शिक्षक राजेश पन्त, हाईस्कूल बमोथ के प्रबंधक संजय लखेड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष चमोला, रंग कर्मी चक्रधर चमोला, जगमोहन भट्ट, सेवा निवृत्त टीओ बृजमोहन भट्ट, चण्डी प्रसाद पन्त, देव चन्द ठाकुर, सतेन्द्र मल्ल सहित महिलाएं और युवा वर्ग मौजूद थे।

# चोरी किए गए कई क्विटल बिजली के तार और लोहे के एंगल सहित पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टिहरी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पहाड़ो से कई कुन्तल बिजली (एल्मूनियम) के तार व लोहे के एंगल चुराने वाले तीन शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से चुराया गया माल व घटना में प्रयुक्त दो चौपहिया वाहन बरामद हुआ है।

हालांकि मामले के तीन आरोपी फरार है जिनकी तलाश जारी है। बीती 31 मई को सुनील जोशी पुत्र जगदीश प्रसाद जोशी निवासी 33/11 के.वी. नई टिहरी कार्यस्थल 33/11 के.वी. सब स्टेशन जाखणीधार ने कोतवाली नई टिहरी में तहरीर देकर बताया गया था कि उनके कार्यस्थल जाखणीधार सब के. वी. पावर स्टेशन से 27 मई की रात अज्ञात चोरों द्वारा बिजली एल्यूमिनियम के तार व लोहे के एंगल चोरी कर लिए गये है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीमों को पता चला कि



घटना का खुलासा करते हुए।

घटना वाली रात एक संदिग्ध पिकअप वाहन क्षेत्र में देखा गया है। जिस पर पुलिस ने एक सूचना के अधार पर कोटेश्वर रोड जीरो पाइण्ट के पास बीती रात तीन चोरों को दो चौपहिया वाहनों सहित हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उन्होने अपना नाम अंकित पुत्र भजन सिंह निवासी ग्राम गैर पट्टी मुगर शन्ति थाना पुरोला जनपद उत्तरकाशी, धीरजनाथ पुत्र सोमनाथ निवासी ग्राम डुमेढ थाना विकासनगर जनपद देहरादुन व सर्वेश पुत्र घपलियालाल निवासी ग्राम कफनोल थाना पुरोला पट्टी मुगर शन्ति जनपद उत्तरकाशी बताया। वाहनों की तलाशी में चुराया गया माल व आरी व कटर बरामद हुए। पूछताछ में अंकित द्वारा बताया गया कि मै बिजली ठेकेदार रोहित भाटी निवासी ऋषिकेश के साथ बिजली का काम करता था, इसी दौरान मेरा सम्पर्क धीरज नाथ कबाड़ी निवासी कटा पत्थर विकासनगर से हुआ था जिसने बिजली के तार अच्छी कीमत पर बेचने के लिए बताया था लालच मे आकर मैने अपने साथी सर्वेश व धीरज व दो मेरे गांव के रिस्ते मे चाचा तथा एक लाखामण्डल के लडके के साथ मिलकर बिजली के तार चोरी करने का प्लान बनाया। इसके लिए धीरज ने हमारी गाडियों में तेल डलवाने के लिए 7000/रूपए दिये थे, वाहन मे तेल डलवाकर हम सभी उसी दिन विकासनगर से जाखणीधार आये जहां पर हमने रात्रि मे पावर हाउस से बिजली एल्युमिनियम के तार व लोहे के एंगल चोरी किये हैं, तथा आगे चलकर और माल की तलाश करते हुए रजाखेत मे एक सोलर प्लांट से केबिल थ्री फेस वायर करीब डेढ कुन्तल टुकडों मे काटकर चोरी किया है। धीरज द्वारा कटा पत्थर विकासनगर में स्वंय की कबाडी की दुकान बताया। उन्होने अपने तीन अन्य साथियो के साथ मिलकर जाखणीधार पावर हाऊस तथा रजाखेत सोलर प्लांट के पास से बिजली के तार चोरी किये है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किये बाबा बदरीनाथ के दर्शन

**चमोली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज अपने परिवार के साथ बाबा बदरीनाथ मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान बदरीनाथ – केदारनाथ मंदिर समिति के प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी ने उनका स्वागत किया और उन्हें भगवान का प्रसाद दिया। प्रभारी अधिकारी ने बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की ओर से सीएम रेखा गुप्ता को बदरीनाथ जी का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

दर्शन के बाद, मुख्यमंत्री ने मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की और कहा कि जो प्रबंध किए गए हैं, वे अत्यंत सराहनीय हैं। मंदिर दर्शन के दौरान धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, वेदपाठी रविन्द्र भट्ट, कुलदीप भट्ट और राजेंद्र सेमवाल भी मौजूद रहे।

सीएम रेखा गुप्ता ने भगवान बदरीनाथ से देश की सुख–शांति की कामना की और मंदिर समिति के कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया।

## बिंदुखत्ता में विद्युत लाइन ठीक करते वक्त करंट लगने से लाइनमैन की दर्दनाक मौत

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विद्युत आपूर्ति ठप होने के बाद लाइन में फॉल्ट ढूंढने के दौरान अचानक लाइन में करंट प्रवाह हो जाने के चलते बिंदुखत्ता निवासी युवा लाइनमैन की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई, युवक की मौत की खबर से जहां परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम लगभग 6 बजे विद्युत आपूर्ति ठप्प होने पर बिंदुखत्ता क्षेत्र का विद्युत लाइनमैन सुनील सिंह दानू हाटाग्राम क्षेत्र में फाल्ट ढूंढ रहा था, तभी अचानक विद्युत लाइन में करंट का प्रवाह हो जाने के चलते सुनील को करंट लगने के चलते वह विद्युत पोल से नीचे गिर गया। जिससे वह मूर्छित हो गया, आसपास के ग्रामीणों ने घटना की सूचना लालकुआं विद्युत सब स्टेशन में दी, तथा तुरंत ही सुनील को डॉ सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। 28 वर्षीय सुनील बिंदुखत्ता क्षेत्र के तिवारीनगर चित्रकूट क्षेत्र का निवासी था, विद्युत विभाग में लाइनमैन था, उसके दो बच्चे जिनमें 4 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ और तीन वर्षीय पुत्री निहारिका हैं, जबकि पत्नी मंजू देवी, पिता कुंवर सिंह दानू, माता कमला देवी और बड़ा भाई करन दानू जोकि फास्ट फूड की दुकान चलाता है, का घटना की सूचना मिलते ही रो–रो कर बुरा हाल है। विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता इंतजार अली का कहना है कि संभवत लाइन में बैक करंट आने के चलते यह घटना हुई है।

## जीआरडी के वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने दी शानदार रंगारंग प्रस्तुति

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजधानी के प्रतिष्ठित कॉलेज गुरु राम दास इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी देहरादून का वार्षिक उत्सव अन्तरया–2025 रविवार को बॉलीवुड सिंगर आकांशा शर्मा की लाइव परफॉरमेंस के साथ संपन्न हुआ। वार्षिक उत्सव के पहले दिन एक ओर छात्र छात्राओं ने नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स एवं मॉडल्स प्रस्तुत किये वही शिक्षा, खेलकूद,एवं सांस्कर्तिक कार्यकर्मो में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाले छात्र–छात्राओं तथा सरकारी नौकरी पाने वाले छात्र–छात्राओं के अभिभावकों को सम्मानित किया गया। वही दूसरी और छात्र छात्राओं ने अपने रंगा रंग कार्यकर्मो से सबको मन्त्र मुग्ध कर दिया।



कलाकार कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए।

समारोह के समापन सत्र में फेमस बॉलीवुड सिंगर आकांशा शर्मा एवं डी. जे. हैरी ने थोड़ी फुर्सत, काली एक्टिवा, तेरे संग यारा, जोगी आदि बॉलीवूड गानो पर अपनी लाइव परफॉरमेंस देकर छात्र–छात्राओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सस्थान के चेयरमैन सरदार राजा सिंह, वाइस चेयरमैन सरदार इंदरजीत सिंह डॉली ओबेराय, सुरजीत कौर, सरदार प्रबजी ओबेराय, महा निदेशक डॉ. पंकज चौधरी, सभी शिक्षक गण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

# सीएम धामी ने 'मोदी सरकार के 11 वर्ष-संकल्प से सिद्धि तक' वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने "मोदी सरकार के 11 वर्ष–संकल्प से सिद्धि तक" कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आगामी 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के 11 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण करने जा रहे हैं। 11 वर्षों का यह युग परिवर्तनकारी कालखंड भारत के आत्मगौरव, स्वाभिमान और राष्ट्रीयता की भावना के पुनर्जागरण का



ऐतिहासिक काल रहा है जिसमें हमारा देश वैश्विक मंच पर एक सशक्त, सक्षम और समर्थ राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से प्रारंभ हुई ये यात्रा भारतीय जनमानस की आकांक्षाओं को यथार्थ में बदलने की यात्रा रही। इस यात्रा में प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ राष्ट्रप्रथम की भावना को आत्मसात करते हुए राष्ट्र के नव निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री ने शासन व्यवस्था को न केवल नई कार्य संस्कृ ति से समृद्ध किया, बल्कि नीतियों को निर्णायक बनाकर सही नीयत और नतीजों से विकास के नए आयाम स्थापित किए।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। 2014 से पूर्व भारत का कोई भी बड़ा शहर आतंकवाद के साए से सुरक्षित नहीं था, दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, पुणे, जयपुर सहित देश के हर कोने में लगातार आतंकी हमले किए जाते थे। परंतु आज दुश्मन देश के किसी भी आतंकी हमले का मुँहतोड़ जवाब दिया जाता है। जैसे उरी हमले का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से दिया गया, पुलवामा के बाद एयर स्ट्राइक की गई और अब पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुश्मन के दांत खट्टे किए। आज भारत 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी रक्षा संसाधनों का इस्तेमाल कर रहा है और 85 से अधिक देशों में रक्षा सामग्री का निर्यात भी कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी के लिए ये गर्व का विषय है कि आज भारत 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था बनकर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। आज वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों के माध्यम से देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। इतना ही नहीं,भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम वाला देश भी बन गया है। बीते 11 वर्षों में देश ने इन्फ्रास्ट्रक्चर रेवोल्यूशन का अभूतपूर्व दौर भी देखा है।

03 June 2025_Copy of Layout 1 6/5/2025 11:52 PM Page 8



# सूबे के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों को मिले 26 नर्सिंग ट्यूटर

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सूबे के चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय नर्सिंग कॉलेजों को 26 नर्सिंग ट्यूटर्स मिल गये हैं। राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित इन नर्सिंग ट्यूटर्स को प्रदेश के विभिन्न नर्सिंग कालेजों में प्रथम तैनाती दे दी गई है। इन ट्यूटर्स की तैनाती से नर्सिंग कालेजों में शैक्षणिक गतिविधियों में तेजी आयेगी साथ ही नर्सिंग छात्र–छात्राओं को बेहरत प्रशिक्षण भी मिल सकेगा।



मंत्री धन सिंह रावत।

उत्तराखंड सरकार चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार करने में जुटी है। राज्य सरकार द्वारा मेडिकल कालेजों के साथ–साथ नर्सिंग कालेजों में सुविधाएं जुटा रही है, साथ ही मेडिकल फैकल्टी की भी नियुक्ति कर रही है। ताकि मेडिकल शिक्षण संस्थानों में छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व प्रशिक्षण मिल सके। इसी कड़ी में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा नर्सिंग ट्यूटर के पदों पर चयनित 26 अभ्यर्थियों को प्रदेशभर के 8 राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में प्रथम तैनाती दे दी है। जिनमें राजकीय नर्सिंग कॉलेज अल्मोड़ा, बाजपुर, चमोली, चम्पावत, देहरादून, हल्द्वानी, पिथौरागढ़ और टिहरी शामिल है। चयन बोर्ड द्वारा नर्सिंग ट्यूटर पड़ पर चयनित किरन को नर्सिंग कालेज अल्मोड़ा में प्रथम तैनाती दी है। इसी प्रकार स्वेता, सुरभी नेगी, राहुल राणा, ज्योति भनारी, अनुज कुमार और सुधांशु पटेल को बाजपुर, अंकित तिवारी और अभिषेक नेगी को चमोली, सौरभ कुमार, दिव्या चौहान, धीरेंद्र सिंह पंवार, रोहित सिंह, सुरिचा, मोहम्मद शहजाद, मानसी चौहान और नरेंद्र दत्त रतूड़ी को चम्पावत, एकता उपाध्याय, मानसी दबोला, अंजली डिमरी, संदीप सिंह नेगी, दिग्विजयसिंह कठैत और प्रशांत रावत को देहरादून, हेमलता को हल्द्वानी, रश्मि कन्याल को पिथौरागढ़ और जयदीप सिंह गुसाईं को राजकीय नर्सिंग कालेज टिहरी में पहली तैनाती दी गई है।

विभागीय मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि इन ट्यूटर्स की नियुक्ति से नर्सिंग कालेजों में शिक्षकों की कमी दूर होगी साथ ही कालेजों में शैक्षणिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। इसके अलावा नर्सिंग छात्र–छात्राओं को बेहतर चिकित्सकीय प्रशिक्षण भी मिल सकेगा। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने सभी नवनियुक्त ट्यूटरों को बधाई देते हुए आशा जताई कि वे अपनी सेवा और समर्पण से राज्य की नर्सिंग शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार राज्य में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए हर स्तर पर आवश्यक कदम उठा रही है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का कहना है कि राज्य सरकार प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को लगातार बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी संकल्प के तहत राज्य के विभिन्न राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में 26 नवनियुक्त नर्सिंग ट्यूटरों को प्रथम तैनाती दे दी है। इन ट्यूटरों की नियुक्ति से न केवल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी दूर होगी, बल्कि शैक्षणिक गतिविधियां भी तेज होंगी।

## प्रशासन का पड़ा हथोड़ा तो स्कूल प्रबंधन के होश आए ठिकाने, जमा कराई 5,72,000 की पेनल्टी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** द प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल, भनियावाला ने 5,72000 की पेनल्टी जमा कराई है तथा लिखित रूप में फीस कम करने का जिला प्रशासन को सहमति दी है। जिलाधिकारी सविन बंसल शिक्षा माफियाओं पर कड़ा रूख अपनाए हुए हैं, जिससे एक और जहां अभिभावकों में खुशी है वही शिक्षा माफिया में प्रशासन का डर पैदा हो गया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के परिपालन में जिला प्रशासन देहरादून जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में शिक्षा माफियाओं पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभिभावकों से फीस के नाम पर वसूली की शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा शहर के कई नामी–गिरामी निजी स्कूलों पर कार्यवाही से जहां शिक्षा माफियाओं के हौसले पस्त हुए हैं वही बड़े–बड़े स्कूलों का फीस बढोतरी का खेल भी सामने आया है। फीस बढोतरी पर जिला प्रशासन की जीरो टालरेंस की नीति अपनाए हुए है।

जिला प्रशासन के कड़े रूख और निरंतर प्रवर्तन की कार्यवाही जारी है, जिससे शहर कस्बों में अवस्थित निजी नामी गिरामी स्कूलों के तेवर ढीले हो गए हैं, वहीं स्कूल प्रबन्धन अब अपनी फीस घटा रहे। ताजा मामला द प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल भानियावाला का है, स्कूल प्रबन्धन द्वारा लिखित रूप से स्कूल फीस कम करने का पत्र प्रशासन को दिया है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली और मिनी बस में भीषण टक्कर, 12 लोग घायल

**रुड़की।** रविवार तड़के भगवानपुर थाना क्षेत्र में पुहाना के पास हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली और एक मिनी बस की आपस में भीषण टक्कर हो गई। जिस कारण मिनी बस में सवार महिलाओं सहित करीब 12 यात्री घायल हो गए हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी करीब 15 यात्री मिनी बस में सवार होकर घूमने के लिए मसूरी जा रहे थे। सुबह करीब चार बचकर तीस मिनट पर पुहाना के पास पहुंचने पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली की मिनी बस से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मिनी बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चयनित बैंक सखियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ



**चमोली।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चयनित बैंक सखियों को नगर पालिका सभागार गोपेश्वर में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के पांच विकासखण्डों देवाल, थराली, गैरसैंण, पोखरी व घाट की एनआरएलएम समूह सदस्यों ने प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बैंक सखियों को सीसीएल का उपयोग कर आजीविका संवर्धन के लिए काम करने को कहा। नेशनल रिर्सास पर्सन गगन बिहारी ने बैंक सखियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, सुकन्या समृद्धि योजना, बैंक लिंकेज, केसीसी टर्म लोन के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डीडीओ केके पन्त, डीपीएम रीप ममराज चौहान, ग्रामीण वित्त समन्वयक संजय पुरोहित मौजूद रहे।

## मंत्री गणेश जोशी ने जरमोला राजकीय उद्यान किया निरीक्षण

**उत्तरकाशी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने तीन दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत रविवार को जरमोला राजकीय उद्यान का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने उद्यान की भौगोलिक स्थिति, कृषि उत्पादन, बागवानी गतिविधियों और संसाधनों का बारीकी से अवलोकन किया।



राजकीय उद्यान का स्थलीय निरीक्षण करते मंत्री जोशी।

मंत्री जोशी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उद्यान को मॉडल कृषि केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, ताकि आसपास के किसान नवीनतम कृषि तकनीकों से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि सरकार पर्वतीय क्षेत्रों की कृषि को आत्मनिर्भर और वैज्ञानिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और जरमोला उद्यान को एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों से जोड़ें और उद्यान के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर स्थानीय विधायक दुर्गेश्वर लाल, जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल सहित कई संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## पेज 01 का शेष...

### विकसित उत्तराखंड बनाने के लिए लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में कार्य किये जाएंः सीएम धामी

सभी जिलों में आपदा प्रबंधन तंत्र को अलर्ट मोड में रखा जाए। टोल–फ्री नंबरों को सभी जिलों एवं तहसीलों में सक्रिय किया जाए। जिससे नागरिक आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा रूट पर विशेष सतर्कता एवं सक्रियता बरती जाए। यातायात, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए सभी जिलों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। व्यापक स्तर पर योग शिविरों का आयोजन किया जाए। 15 जून को होने वाले कैंची धाम स्थापना दिवस के अवसर पर ट्रैफिक प्रबंधन के लिए यातायात व्यवस्था के साथ ही आवश्यकतानुसार अस्थायी पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की जाए। वैरिफिकेशन ड्राइव को और अधिक प्रभावी एवं तेज गति से संचालित किया जाए। अवैध रूप से बनाये गये आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड और अन्य दस्तावेजों के विरूद्ध सख्त अभियान निरंतर जारी रखा जाए। सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। सरकारी कार्यालय में 1064 हेल्पलाइन से संबंधित बोर्ड एवं बैनर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किये जाए और भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए लोगों को जागरूक किया जाए।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com

Website : www.nazariyakhabar.com

डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19